भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1872**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**राजस्थान के प्रतापगढ़ में आई० आर० बटालियन**

**†1872. श्री नारायण लाल पंचारिया :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने राजस्थान के प्रतापगढ़ में एक नई आई.आर. बटालियन स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या केन्द्र सरकार प्रस्तावित बटालियन का अनुमोदन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) और (ख) : जिला प्रतापगढ़, राजस्थान में एक आईआर बटालियन की मंजूरी हेतु राजस्थान सरकार से अनुरोध प्राप्त हुआ है। 44 अतिरिक्त आईआर बटालियनें मंजूर करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कुल 17 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आईआर बटालियनें राज्य को खतरे की अवधारणा, राज्य पुलिस की स्थिति और राज्य को पूर्व में स्वीकृत आईआर बटालियनों जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए मंजूर की जाती हैं।**

*****